भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1923
दिनांक 30 जुलाई, 2026

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि

†1923. **श्री के. सी. वेणुगोपालः**

क्या ***पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले 4 महीनों के दौरान पेट्रोल और डीजल की कीमतों में हुई वृद्धि की कुल राशि कितनी है;

(ख) उक्त कीमत वृद्धि के लिए सरकार/तेल विपणन कंपनियों द्वारा दिए गए कारण क्या हैं;

(ग) क्या ईरान-इजराइल संघर्ष और होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान के बाद अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतें, जो तेजी से बढ़ी थीं, में पहले की तुलना में काफी गिरावट आई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के अनुरूप पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में तदनुरुपी कमी सुनिश्चित करने के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) सरकार का विचार कच्चे तेल की गिरती कीमतों का लाभ आम उपभोक्ता को पहुंचाने के लिए किस समय-सीमा तक घरेलू ईंधन की कीमतों की समीक्षा करने तथा उन्हें कम करने का है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (ङ) देश में पेट्रोल और डीजल के मूल्य बाजार-निर्धारित हैं और सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां (ओएमसीज) पेट्रोल और डीजल के मूल्य निर्धारण के संबंध में उचित निर्णय लेती हैं।

भारत अपनी कच्चे तेल की आवश्यकताओ का लगभग 88% आयात करता है। मार्च 2026 से, पश्चिम एशिया संकट के कारण, अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल के मूल्यो में काफी वृद्धि हुई है।

मार्च 2026 के दौरान कच्चे तेल का मूल्य (इंडियन बास्केट) बढ़कर 136.68 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया और विभिन्न भू-राजनीतिक और बाजार कारकों के कारण इसमें उतार-चढ़ाव जारी रहा है। भू-राजनीतिक स्थिति लगातार बहुत अस्थिर बनी हुई है। 23 जुलाई 2026 तक भी कच्चे तेल का मूल्य 103.33 डॉलर प्रति बैरल था। पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर भारी अल्प वसूली होने के बावजूद, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों द्वारा उनके मूल्यो में मामूली वृद्धि की गई थी। पेट्रोल और डीजल का वर्तमान आरएसपी क्रमशः 102.12 रुपये और 95.20 रुपये प्रति लीटर (दिल्ली का मूल्य) है।

दिनांक 01.04.2026 से दिल्ली में पेट्रोल और डीजल की खुदरा बिक्री मूल्य (आरएसपी) में वृद्धि/कमी के विवरण नीचे दिए गए हैं:

(रुपए/लीटर)

मूल्य प्रभावी होने की तारीख	पेट्रोल	डीज़ल
01.04.2026 तक	94.77	87.67
15.05.2026	97.77	90.67
19.05.2026	98.64	91.58
23.05.2026	99.51	92.49
25.05.2026	102.12	95.20

स्रोत: पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी)

अप्रैल 2026 से कच्चे तेल की इंडियन बास्केट की मासिक औसत मूल्यों के विवरण नीचे दिए गए हैं:

(यूएसडी/बैरल)

माह	कच्चे तेल का औसत मूल्य (इंडियन बास्केट)
अप्रैल-26	114.48
मई-26	106.23
जून-26	83.22

स्रोत: पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी)

इसके अलावा, उपभोक्ताओं को इसके प्रभाव से बचाने के लिए, मार्च 2026 में, सरकार ने पेट्रोल और डीजल प्रत्येक पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कमी की, लेकिन साथ ही इसके परिणामस्वरूप कर राजस्व में काफी कमी आई।

*****